Indian Library Association
भारतीय पुस्तकालय संघ, नई दिल्ली
(Registered under the Societies Registration Act, 1860)

Founded 1933

Dr. O. N. Chaubey
General Secretary

+91 9868103286

Ref. No.: ILA/GS/ Rep/2022-25/v Dated: 7.03.2024

सेवा में,
श्रीमान नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री
बिहार सरकार, पटना, बिहार

विषय:- बिहार में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरियन बहाली के संबंध में।

महाशय,

निवेदन के साथ कहना है कि भारतीय पुस्तकालय संघ (इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन), नई दिल्ली, 1933 मे स्थापित देश के विभिन्न क्षेत्रों के पुस्तकालयों एवं उनके कर्मियों के बेहतरी के लिए सदैव तत्परता से कार्यरत हैं।

महोदय, उपरोक्त विषय के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि बिहार राज्य से प्रकशित विभिन्न समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरी एसोसिएशन के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि विगत 15वर्षों से आपके यहां सरकारी शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरियन पद सृजित होने के बाबजूद भी लंबित है। जिससे इस क्षेत्र में प्रशिक्षित बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस एवं मास्टर्स ऑफ लाइब्रेरी साइंस के लाखों छात्र बेरोजगारी से जुझ रहे हैं। जबकि आपके ही सरकार के द्वारा 2008 में पुस्तकालय अधिनियम लागू किया गया इसके बाबजूद भी बगैर प्रशिक्षित लाइब्रेरियन के द्वारा अन्य कर्मचारियों से ही लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जो कि बेहतर शिक्षा के लिए अभिशाप है।

अतः माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि बिहार के छात्रों के भविष्य व प्रदेश के बेहतर शिक्षा व्यवस्था हेतु सभी शिक्षण संस्थानों (माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय) में जहाँ लाइब्रेरियन की बहाली वर्षो से नहीं की गई यथाशीघ्र बहाली करने की कृपा करे। भारतीय पुस्तकालय संघ, नई दिल्ली आपका सदैव आभारी रहेगा।

साभार !

भवदीय

O N Chaubey

डॉ० ओपेन्द्र नाथ चौबे
महासचिव
भारतीय पुस्तकालय संघ, नई दिल्ली

A/40-41, Flat No.-201, Ansal Buildings, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi – 110009 (INDIA)
Ph.: 011 27651743, Email: ilageneralsecretary@gmail.com, Website: http://www.ilaindia.net